दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 27 दिसंबर 2022
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

प्लेसमेंट कैम्प 29 दिसम्बर को

रायगढ़। निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 29 दिसम्बर 2022 को प्रात: 10:30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जिन पदों पर भर्ती की जानी है इनमें मे.जनमित्रम कल्याण समिति रायगढ़ में क्षेत्रीय सहायक के लिए 5 पद रिक्त है। जिसके लिए कृषि क्षेत्र में स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, जिसमें कार्यक्षेत्र घरघोड़ा एवं तमनार रहेगा। इसी तरह मे.श्री ओम हाईट्स बेलादुला रायगढ़ में सोलर टेक्नीशियन/इंस्टालर हेतु एक पद रिक्त है। जिसके लिए आवेदक आईटीआई इलेक्ट्रीशियन (सोलर)उत्तीर्ण हो तथा मे.चैतन्य इंडिया फायनेंस रायगढ़ में चैतन्य इंडिया फायनेंस, रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव में 50 पद केवल पुरूष हेतु जिसके लिए 12 वीं उत्तीर्ण एवं एच.आर. में 5 पद केवल पुरूष हेतु जिसके लिए स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

हाथियों के दल ने सरमा में मचाया उत्पात, घर तोड़ने के साथ फसलों को पहुंचाया नुकसान

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वन मंडल में 25 हाथियो का दल केंदई व पसान रेंज की सीमा पर विचरण कर रहा है। यह दल बीति रात पसान रेंज के सरमा गांव में पहुंच कर भारी उत्पात मचाया इस दौरान हाथियों ने बस्ती में घुस कर संतराम नामक एक ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए उसे बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। इतना ही नही खेतो में लगे 8.10 किसानो की अरहर की फसल को भी चोपट कर दिया। रात भर गांव में उत्पात मचाने के बाद हाथियो का दल फिर वापस लौट कर केंदई रेंज पंहुच गया। केंदई लौटने से पहले हाथियो ने पनगंवा में 5 किसानो के खेतो में लगे अरहर फसल को तहस.नहस कर दिया। हाथियो के रात में उत्पात मचाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आकलन शुरू कर दिया है। जिस समय गांव में हाथियो ने संतराम के मकान को निशाना बनाया उस समय वहां को ई मौजूद नही था। वन विभाग द्वारा मुनादी कराए जाने के बाद संतराम अपने परिवार सहित सुरक्षित ठिकानो पर जाकर पनाह ले लिया था। हाथियो का उत्पात फिर बढऩे से क्षेत्र वासी काफी परेशान है। इधर कोरबा वन मंडल में भी 25 हाथियो का दल पिछले कई दिनों से विचरणरत है। यह दल अभी गेराव व घोट मार गांव के बीच जंगल में मौजूद है हाथियो को आज सुबह यहां पर देखा गया। वन अमला द्वारा हाथियो की लगातार निगरानी की जा रही है।

संयुक्त हायर सेकेंडरी स्तरीय परीक्षा - 2022 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 जनवरी

लगभग 4 हजार 500 पदों पर की जाएगी भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लगभग 4 हजार 500 पदों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त हायर सेकेंडरी स्तरीय परीक्षा- 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 जनवरी 2023 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय रायपुर के परीक्षा प्रभारी अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा फरवरी-मार्च 2023 में संभावित है। परीक्षा के माध्यम से भारत सरकार के मंत्रालयों, विभागों एवं कार्यालयों के लिए निम्न श्रेणी लिपिक, कनिष्ठ सचिवालय सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती की जाएगी।

सड़क निर्माण में लगे टीमों की संख्या बढ़ाकर गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करें काम -कलेक्टर

❐ सड़क निर्माण कार्य के औचक निरीक्षण में पहुंची कलेक्टर साहू

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने पुसौर विकासखंड के अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर साहू ने पुसौर विकासखंड में सूपा से कुर्रुभांठा तक निर्माणाधीन मार्ग के निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने चल रहे डीबीएम और ड्रेनेज के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। यह सड़क एडीबी के द्वारा बनवाई जा रही है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि सड़क में 12 कि.मी. डीबीएम हो गया है और 12 कि.मी. डबल्यूएमएम का काम किया जा चुका है। सड़क में लेयरिंग का काम किया जा रहा है। कलेक्टर साहू ने काम की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि काम तेजी से पूरा किया जाना है। कार्य की गति बढ़ाने टीम की संख्या तत्काल बढ़ाएं। साथ ही काम की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत महेश पटेल, तहसीलदार पुसौर एन.के.सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौठान में गोठ कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर रानू साहू

कलेक्टर रानू साहू आज पुसौर विकासखंड के ग्राम सेमरा में आयोजित गौठान में गोठ कार्यक्रम में शामिल हुई। कलेक्टर रानू साहू ने गौठान में कार्यरत महिला समूहों से उनके कामकाज के बारे में चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि समूह द्वारा गौठान में वर्मी कंपोस्ट निर्माण और सब्जी उत्पादन का कार्य कर रही हैं। अब तक पौने तीन लाख रुपए का वर्मी कंपोस्ट बिका है। इसके अलावा महिलाएं पापड़ बनाने का व्यवसाय भी कर रही हैं। कलेक्टर साहू ने कहा कि शासन की योजनाओं से महिलाएं स्वावलंबन की ओर अग्रसर हैं और स्थानीय स्तर पर ही आय अर्जित कर पा रही हैं। उन्होंने गौठान में गतिविधियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। समूह को महिलाओं ने गौठान का समतलीकरण कराने और यहां भवन निर्माण करवाने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर साहू ने जल्द कार्य करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उल्लेखनीय है कि गौठान में गोठ कार्यक्रम के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं तथा लाभ लेने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में और गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा है. अधिकतम तापमान की बात की जाए तो छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में वृद्धि देखने को मिली है. बाकी सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुए हैं. छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में प्रदेश के बिलासपुर संभाग में अधिक वृद्धि हुई है. बाकी सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुए हैं. प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा संभागों में सामान्य से अधिक और दुर्ग व बस्तर संभागों में सामान्य रहे।

छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान वाला जिला रायपुर रहा है जहां पर 32.5 सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है. इसके साथ ही अगर छत्तीसगढ़ के सबसे न्यूनतम तापमान वाले इलाकों की बात की जाए तो छत्तीसगढ़ का नारायणपुर में सबसे कम तापमान रिकॉर्ड किया गया जहां पर 8.9 सेल्सियस तापमान रहा।

आने वाले समय में न्यूनतम तापमान में होगी वृद्धि

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि अगले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ में दक्षिण पूर्व से ठंडी हवा का आगमन होने की संभावना है. जिससे प्रदेश में 25 दिसंबर को मौसम शुष्क रखने की आशंका है. और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी. साथ ही छत्तीसगढ़ में लगातार ठंडी हवाएं चलने की आशंका है।

तमनार एवं सारंगढ़ ब्लॉक से 15 प्रतिभागियों को 3 माह के लिए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु भेजा गया रायपुर

रायगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में आज दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत जिले के 15 प्रतिभागियों को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी मां सरस्वती एजुकेशन ट्रस्ट आरंग, रायपुर के द्वारा प्रतिभागियों को नि:शुल्क आवासीय रिटेल ट्रेंड के संबंध में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया है। उत्कर्ष मिशन के तहत देश के 10 राज्यों में से 10 जिला का चयन किया जाना है जिनमें से एक राज्य हमारा प्रदेश है। प्रदेश से रायगढ़ जिले का चयन किया गया है। उत्कर्ष योजना अंतर्गत 2 वर्ष के भीतर 100 प्रतिशत महिलाओं को समूह से जोडऩा और सीआईएफ की राशि प्रदान करना तथा मांग अनुसार आजीविका हेतु कौशल प्रदान करना है। इसी के तहत आज जिले के तमनार एवं सारंगढ़ ब्लॉक से 15 प्रतिभागियों को 3 माह के लिए नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु रायपुर भेजा गया है। इस अवसर पर सीईओ मिश्रा ने प्रतिभागियों को स्वर्णिम भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

कोड़ातराई और तिलगी धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण में पहुंची कलेक्टर

❐ किसानों से लिया खरीदी और भुगतान का फीडबैक

❐ धान के उठाव में लाएं तेजी-कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने आज कोड़ातराई और तिलगी धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां अब तक हुई खरीदी, धान के उठाव और भुगतान के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खाद्य अधिकारी को धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर रानू साहू ने पहले कोड़ातराई केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अब तक हुई खरीदी के साथ उठाव के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने जारी डीओ के अनुसार तेजी से धान का उठाव करवाने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र में बारदाने के बारे में भी जानकारी ली। समिति प्रबंधक ने बताया कि बारदाने पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कलेक्टर साहू ने खरीदे गए धान के लॉट में से मॉइश्चर मीटर से नमी भी नपवाई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि धान के लिए निर्धारित नमी के भीतर का ही धान खरीदना है। उन्होंने किसानों से चर्चा कर खरीदी केंद्र में बंदोबस्त के बारे में भी जानकारी ली। गांव के किसान विजय पटेल ने बताया कि वे अपना धान बेच चुके हैं। कलेक्टर रानू साहू ने तिलगी खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां पर लक्ष्य के अनुसार खरीदी, उठाव व भुगतान के बारे में जानकारी ली। किसान कन्हैया लाल चौधरी ने बताया कि खरीदी के 4-6 दिनों में भुगतान मिल जा रहा है।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, तहसीलदार पुसौर एन.के.सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के. जाटवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अब तक के ये हैं धान खरीदी आंकड़े

विभागीय अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार अब तक जिले के 100 उपार्जन केंद्रों में 21 लाख 60 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें से से लगभग 14 लाख क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है।

मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के औचक निरीक्षण में पहुंची कलेक्टर

❐ ऑक्सीजन प्लांट्स रहें ऑपरेशनल-कलेक्टर

❐ इमरजेंसी केसेज के भी डिलीवरी की होनी चाहिए व्यवस्था-कलेक्टर साहू

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू आज मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के औचक निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने अस्पताल के साथ ही इंस्टाल किए ऑक्सीजन प्लांट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर रानू साहू ने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट के संचालन के बारे में जानकारी ली। बायो मेडिकल इंजीनियर सिंह ने बताया कि अस्पताल में 1000 एलपीएम का प्लांट रनिंग कंडीशन में है। अभी अस्पताल में इसी प्लांट से ही सप्लाई हो रहा है। इसके साथ ही मेनिफोल्ड से सिलेंडर्स द्वारा सप्लाई की सुविधा भी है। कलेक्टर साहू ने अन्य स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट्स की जानकारी ली। कलेक्टर रानू साहू ने जिले के सारे प्लांट्स का मेंटेनेंस कर सभी को ऑपरेशनल रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इसकी रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर साहू ने मातृ शिशु चिकित्सालय के विभिन्न फ्लोर्स पर बने वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर, एसएनसीयू वार्ड, फीमेल वार्ड का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतिदिन की ओपीडी और डिलीवरी के साथ ही उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अस्पताल प्रबंधन से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने वाड्र्स में भर्ती महिलाओं से बात कर अस्पताल की सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि अस्पताल में दिन के साथ ही रात में भी डिलीवरी की सुविधा मिलनी चाहिए। प्लांड केसेज के अलावा इमरजेंसी केसेज के लिए भी पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में मरम्मत योग्य कार्यों की सूची बना कर जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में महिलाओं और बच्चों को उपचार की पूरी सुविधा मिलनी चाहिए।

इस दौरान एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नायब तहसीलदार प्रकाश पटेल, बायोमेडिकल इंजीनियर नितिराज सिंह सहित मातृ शिशु चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

मतदान प्रतिशत की जानकारी आयोग को प्रेषित करने हेतु अनिल कुमार किस्पोट्टा की लगी ड्यूटी

रायगढ़। नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 हेतु रायगढ़ जिला अंतर्गत पार्षद वार्ड क्रमांक 27 एवं पंचायत उप निर्वाचन के लिए जनपद सदस्य हेतु मतदान दलों की रवानगी, सकुशल पहुंचने एवं दलों वापसी की जानकारी तथा मतदान का प्रतिशत एवं मतदान समाप्ति उपरांत मतदान के प्रतिशत की जानकारी संबंधित नगरीय निकाय/जनपदों के रिटर्निंग ऑफिसरों से प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में तैयार करते हुए आयोग को प्रेषित किए जाने हेतु 8 एवं 9 जनवरी 2023 को अनिल कुमार किस्पोट्टा सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मो.नं.99261-60694 जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय रायगढ़ को नियुक्त किया गया है।

एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों को पूंजीपथरा राइनो ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। 25 दिसंबर की रात्रि करीब 12.00 बजे #पूंजीपथरा राइनो को ग्राम देलारी-सरायपाली के बीच रोड़ एक्सीडेंट में दो व्यक्तियों के घायल होने की सूचना पर घायलों की मदद के लिए " मेडिकल इंवेट " मिला। तत्काल तत्समय पूंजीपथरा राइनो पर तैनात आरक्षक सुरेश कुमार मिंज और ईआरवी वाहन चालक भागीरथी यादव मौके पर पहुंचे। जहां देलारी- सरायपाली के बीच रायगढ़ इस्पात प्लांट के आगे रोड़ के किनारे दो घायल व्यक्ति और उनका क्षतिग्रस्त मोटर सायकल मिला। एक आहत के पैर तथा दूसरे के सिर में गंभीर चोटें थी। आहतों की स्थिति देखते हुए डॉयल 112 स्टाफ ने 108 संजीवनी वाहन को मौके पर बुलाये और उन्हें मेडिकल कॉलेज रवाना किये। आहतों के संबंध में जानकारी मिली कि आहत- (1) आकाश राठिया पिता संतोष राठिया उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी ग्राम जामबहार थाना लैलूंगा (2) चुन्नी लाल राठिया पिता का नाम महेंद्र सिंह राठिया उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम कटाईपाली धरमजयगढ़ दोनों रायगढ़ इस्पात प्लांट में कार्य करते हैं, ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे।

कोविड की आशंका को देखते हुए सतर्कता बेहद जरूरी- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी

सारंगढ़-बिलाईगढ़। वर्तमान में विश्व के कई देशों जापान, अमेरिका, कोरिया, ब्राजील व चीन में कोविड-19 मरीजों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धि दर्ज की गई है। कोविड-19 महामारी अभी भी दुनिया भर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौती बनी हुई है। जिले में पूर्व के कोविड-19 लहरों में 35,964 पॉजिटिव मरीजों में 7,132 को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा जबकि 538 लोगों की मृत्यु हुई। यद्यपि कोविड का नया वेरिएंट बीएफ 7 काफी संक्रामक व तेजी से फैलने वाला वेरिएंट है। इस वैरिएंट से बचाव हेतु भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में सीएमएचओ सारंगढ़ ने इस संबंध में समस्त बीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी तरह के जीवन रक्षक उपकरणों जैसे-वेंटिलेटर, मल्टी पैरामॉनिटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर की जांच कर उन्हें क्रियाशील रखें। पीएसए प्लांट पूर्ण रूप से क्रियाशील कर लिक्विड ऑक्सीजन, ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं ऑक्सीजन गैस पाइपलाइन की मरम्मत कराएं। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ को जीवन रक्षक उपकरणों को चलाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण तत्काल करावें। कोविड टीकाकरण के कम कवरेज वाले गांवों को चिन्हित कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत टीकाकरण करने, प्रथम व द्वितीय टीकाकरण को पूरा करने, साथ ही जिसने दोनों टीके लगा लिए हैं उन्हें बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में पहुंचने वाले सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण वाले समस्त व्यक्तियों का रैपिड एंटिजन टेस्ट/आरटीपीसीआर टेस्ट कराना सुनिश्चित करें। कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों को 7 दिन आइसोलेशन करने के निर्देश दिए। लोगों को भीड़ इक_ा ना करने, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने, मास्क का प्रयोग करने व दो गज की दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन के मामलों का करें त्वरित निराकरण करें -कलेक्टर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में आए दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन के मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए हैं। ग्राम पिपरडुला, सरसींवा निवासी शिव कुमार सोनी जनदर्शन में बकरी पालन हेतु ऋण के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। इस संबंध में कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भटगांव नगर पंचायत में कार्यरत कर्मचारी अक्षय कुमार ने ईपीएफ राशि न मिलने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने उक्त आवेदन के निराकरण हेतु सीएमओ भटगांव को जांच करने एवं संबंधित कर्मचारी को शीघ्र ईपीएफ राशि दिलाये जाने के संबंध में निर्देश दिए। दीर्घकालीन पूर्वजों के समय से मकान बनाकर रह रहे भूमि का भूमि स्वामी अधिकार पत्र/पट्टा दिलाए जाने हेतु कोसिर के आवेदक भूमिस्वामियों ने आवेदन किया, इस संबंध में एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में आए हितग्राहियों को कलेक्टर ने अवगत कराया कि अभी वर्तमान में आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसके अलावा सारंगढ़ में वर्ष 1954 से प्रति वर्ष 26 जनवरी से 3 फरवरी तक अमर शहीदों की याद में हो रहे गणतंत्र मेला की अनुमति हेतु आवेदन किया गया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच कर अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए। ग्राम छोटे गन्तुली सारंगढ़ की लक्ष्मनी यादव पति उम्र 63 वर्ष जो अत्यंत निर्धन परिवार से हैं, उन्होंने शासन की योजना के अंतर्गत वृद्धा पेंशन दिलाने हेतु आवेदन किया, उक्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व की धारा 250 के तहत बेदखली के आदेश जारी करवाने के संबंध में टीकाराम साहू ग्राम बम्हनपुरी, राजस्व निरीक्षक मंडल-भटगांव, तहसील बिलाईगढ़ के निवासी ने आवेदन किया, इस संबंध में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बिलाईगढ़ तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए। ग्राम छतौना निवासी हरिसिंग ने साराडीह बैराज में भू-अर्जन के मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन किया इस संबंध में एसडीएम सारंगढ़ को जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत धोबनी, बिलाईगढ़ के पंचायत सदस्यों ने गांव में विभिन्न लोगों द्वारा किए गए बेजा कब्जा को हल्का पटवारी द्वारा चिन्हांकित कर नाम दिखाने के आदेश प्रदान करने हेतु आवेदन किया, इस संबंध में तहसीलदार बिलाईगढ़ को जांच करने के निर्देश दिए।

दिव्यांग के राशन कार्ड संबंधी समस्या का हुआ त्वरित निराकरण

आज कलेक्टर जनदर्शन में बिलाईगढ़ विकाखण्ड के ग्राम-पेण्ड्रावन निवासी सूरज साहू राशन कार्ड संबंधी समस्या को लेकर जिला कार्यालय आए थे। सूरज जन्म से दोनों पैरों से विकलांग है। उन्हें राशन कार्ड में 10 किलो चावल मिलता है, जिसे अपडेट कराकर 35 किलो चावल मिलने की अर्हता हेतु उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया। उक्त आवेदन पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी को तत्काल राशन कार्ड अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने तत्काल राशन कार्ड अपडेट किया, जिसे कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने मौके पर ही सूरज साहू को राशन कार्ड प्रदाय किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480